# वीयू–'पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में XIII ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो का भव्य एवं सफल आयोजन



जबलपुर। पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के खेल मैदान (साउथ सिविल लाइंस) में दिनांक 23 जनवरी 2026 को आयोजित XIII ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो अत्यंत भव्यता एवं सफलता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में जबलपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पशु प्रेमियों, केनल क्लब सदस्यों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे श्वानों के पंजीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण के साथ हुआ, जिसमें विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों द्वारा सभी प्रतिभागी श्वानों की विस्तृत एवं गहन जांच की गई। इसके पश्चात आयोजित उद्घाटन समारोह में जन ज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पवन स्थापक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा की गई। इस वर्ष डॉग शो में करीब 85 श्वानों का पंजीयन विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु किया गया। कुल 20 विभिन्न नस्लो के श्वान इस शो में आए।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. आर.के. शर्मा ने स्वागत भाषण में इस प्रकार के आयोजनों को पशु कल्याण, उत्तरदायी पालतू पशुपालन एवं जन–जागरूकता के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मुख्य अतिथि ने पालतू पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जिम्मेदार देखभाल पर अपने विचार व्यक्त किए, जबकि कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय की सामाजिक प्रतिबद्धताओं एवं जनसरोकारों की सराहना की। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ अतिथियों द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा विभिन्न केनल्स का अवलोकन किया गया। दोपहर सत्र में आयोजित डॉग ओबीडिएंस–कम–डेमो शो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान श्री दीपक गर्ग द्वारा पालतू पशु मालिक पर संभावित आक्रमण की स्थिति में 360 डिग्री सुरक्षा प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। वहीं बरमन जी द्वारा श्वानों में डिस्टेंट कंट्रोल तकनीक का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त "चोर की पहचान" विषय पर डॉग ट्रेनर द्वारा

प्रस्तुत उत्कृष्ट ओबीडिएंस शो को दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त हुई। कोलकाता से श्री देव कमार निर्णायक के तौर पर उपस्थित रहे। इसके पश्चात आयोजित ऑल ब्रीड डॉग शो एवं डॉग/कैट फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न नस्लों के श्वानों ने सहभागिता की, जिससे बच्चों एवं दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।




सायंकाल आयोजित समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. मल्लिका नड्डा रहीं। एक प्रतिष्ठित समाजसेवी, जो विशेष रूप से सक्षम बच्चों के कल्याण हेतु कार्यरत हैं तथा पशु–प्रेमी हैं। इस अवसर पर विशेष अतिथियों के रूप में डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. सुनील नायक, डॉ अपर्णा शाही, डॉ. कारमोरे, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर (निदेशक, एनिमल बायोटेक्नोलॉजी), डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव, डॉ. समीर राय, सुमन कुमार, की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सायं 04:00 बजे आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिसमें बेस्ट इन शो का पुरस्कार रॉटविलर ब्रूनो को दिया गया पेट ओनर का नाम राहुल सेन शुभम चौकसे, विशाल रजक रहे। द्वितीय पुरस्कार बीगल को दिया गया जिनके पेट ओनर का नाम शिवानी वर्मा रही तृतीय बेस्ट का पुरस्कार लैब्राडोर प्रजाति के प्रोफेसर को दिया गया पेट ओनर का नाम शिवलिनी वर्मा रही। वही फैंसी ड्रेस कंपटीशन में प्रथम पुरस्कार नूरा को, द्वितीय पुरस्कार व्हिस्की, को तथा तृतीय पुरस्कार हैप्पी नाम के श्वान को दिया गया। कार्यक्रम का समापन सायं 04:30 बजे धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।






इस सफल आयोजन में विद्यार्थियों शशांक विश्वकर्मा, शिवांगी मेहरा, अमन शर्मा,कृष्णकांत शर्मा एवं अन्य का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रणधीर सिंह (अध्यक्ष) एवं डॉ. देवेंद्र कुमार गुप्ता (आयोजन सचिव), डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. अर्पणा, डॉ. शशि प्रधान सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पशु कल्याण एवं समाज में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर